| Roll No. | | | | | | | | | | | | Serial No. of Q. C. A. B. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 40 + 23 = 63 ]  
Total No. of Questions : 40 + 23 = 63 ]

[ ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 16  
[ Total No. of Printed Pages : 16

**ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 61-H** **ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ**

## Code No. : 61-H Subject : Third Language — HINDI

ದಿನಾಂಕ : 15. 06. 2009 ] [ Date : 15. 06. 2009

ಸಮಯ : ಬೆಳಿಗ್ಗೆ 10-30 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ 1-00 ರವರೆಗೆ ] [ Time : 10-30 A.M. to 1-00 P.M.

ಪರಮಾವಧಿ ಅಂಕಗಳು : 100 ] [ Max. Marks : 100

**FOR OFFICE USE ONLY**

**PART – A**

| Q. No. | Marks | Q. No. | Marks | Q. No. | Marks | Q. No. | Marks | Q. No. | Marks | Q. No. | Marks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | | 8. | | 15. | | 22. | | 29. | | 36. | |
| 2. | | 9. | | 16. | | 23. | | 30. | | 37. | |
| 3. | | 10. | | 17. | | 24. | | 31. | | 38. | |
| 4. | | 11. | | 18. | | 25. | | 32. | | 39. | |
| 5. | | 12. | | 19. | | 26. | | 33. | | 40. | |
| 6. | | 13. | | 20. | | 27. | | 34. | | × | |
| 7. | | 14. | | 21. | | 28. | | 35. | | × | |
| *Total Marks of Part – A* | | | | | | | | | | | |

**PART – B**

| Q. No. | Marks | Q. No. | Marks | Q. No. | Marks | Q. No. | Marks | Q. No. | Marks | Q. No. | Marks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 41. | | 45. | | 49. | | 53. | | 57. | | 61. | |
| 42. | | 46. | | 50. | | 54. | | 58. | | 62. | |
| 43. | | 47. | | 51. | | 55. | | 59. | | 63. | |
| 44. | | 48. | | 52. | | 56. | | 60. | | × | |
| *Total Marks of Part – B* | | | | | | | | | | | |

| Total Marks in words | | | Grand Total | |
|---|---|---|---|---|
| 1. ✓ | | ✓ | ✓ | |
| 2. ✓ | | | | |
| *Signature of Evaluators* | *Registration No.* | *Signature of the Deputy Chief* | *Signature of the Room Invigilator* | |

**सामान्य निर्देश :**

i) प्रश्न–सह–उत्तर पुस्तिका के दो विभाग **विभाग - A** एवं **विभाग - B** हैं ।

ii) **विभाग - A** में 40 प्रश्न एवं **विभाग - B** में 23 प्रश्न हैं ।

iii) प्रश्न–सह–उत्तर पुस्तिका में ही प्रश्नों के उत्तर हेतु स्थान दिये गये हैं ।

iv) **विभाग - A** के निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्न के साथ दिए गये खाली जगह पर सही विकल्प को पूर्ण रूप से लिखिए ।

v) **विभाग - B** के प्रत्येक प्रश्न हेतु पर्याप्त स्थान दिये गये हैं । आपको उसी स्थान में प्रश्न के उत्तर लिखना है ।

## विभाग – A

इस विभाग के अंतर्गत प्रत्येक प्रश्न हेतु **चार** विकल्प सुझाए गये हैं । सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प को चुनकर प्रश्न के नीचे दिए गये जगह पर सही विकल्प को पूर्ण रूप से लिखिए : $40 \times 1 = 40$

1. ए० पी० जे० अब्दुल कलाम जी के अनुसार उत्सुक छात्रों के लिए आदर्श मार्गदर्शक थे

(A) अय्यादुरै सोलोमन (B) फादर टी० एन० सेक्यूरिया

(C) रामकृष्ण अय्यर (D) सीरियाई ईसाई ।

उत्तर : ____________________

2. अब्दुल कलाम ने बचपन में ही किस तरह उड़ने का निश्चय किया था ?

(A) पत्तों की तरह (B) पक्षियों की तरह

(C) सूखे कागज़ों की तरह (D) विमानों की तरह ।

उत्तर : ____________________

3. हेतू नाम का नौकर कहाँ से आया था ?

(A) दिल्ली से (B) आगरा से

(C) शिमला के पास एक गाँव से (D) झाँसी के पास एक गाँव से ।

उत्तर : ____________________

4. रामगोपाल जी की श्रीमती कैसी नावलें पढ़ती थीं ?

(A) कलात्मक (B) रोचक

(C) जासूसी (D) सामाजिक ।

उत्तर : ____________________

5. भारत में पूर्वजों ने नीम वृक्ष की किस देवी के रूप में पूजा-उपासना प्रारंभ की थी ?

(A) दुर्गा देवी के रूप में (B) शीतला देवी के रूप में

(C) काली देवी के रूप में (D) लक्ष्मी देवी के रूप में ।

उत्तर : ____________________

6. किस वृक्ष में दूषित वायु को अधिकाधिक पचाने की क्षमता है ?

(A) नीम (B) पीपल

(C) आम (D) आँवला ।

उत्तर : ____________________

7. सावित्री ने मन ही मन क्या प्रतिज्ञा की ?

(A) बच्चों को डाँट-फटकार सुनाने की (B) बच्चों को पैसे देने की

(C) बच्चों को डाँट-फटकार नहीं सुनाने की (D) बच्चों को रुलाने की ।

उत्तर : ____________________

8. कौन-सा जुलूस निकलने वाला था ?

(A) गणेशोत्सव का (B) मुहर्रम का

(C) क्रिकेट में जीत का (D) दुर्गा देवी का ।

उत्तर : ____________________

9. विक्रम साराभाई का जन्म कब हुआ ?

(A) 1947 ई० में (B) 1919 ई० में

(C) 1966 ई० में (D) 1967 ई० में ।

उत्तर : ____________________

10. विक्रम साराभाई को बचपन से ही कैसे कार्य पसंद थे ?

(A) साहसिक कार्य (B) शरारती कार्य

(C) खेल-कूद के कार्य (D) गाने-बजाने के कार्य ।

उत्तर : ____________________

11. 'स्वराज्य की नींव' पाठ में किसको वीरता की साक्षात मूर्ति कहा गया है ?

(A) लक्ष्मीबाई को (B) मुंदर को

(C) सेनानायक को (D) जूही को ।

उत्तर : ____________________

12. 'स्वराज्य की नींव' में क्यों एक-एक करके नींव का पत्थर बन जाते हैं ?

(A) देश के लिए (B) लक्ष्मीबाई को संतुष्ट करने के लिए

(C) अपने स्वार्थ के लिए (D) स्वयं अधिकार में आने के लिए ।

उत्तर : ____________________

13. सुरेश खाली हाथ क्यों वापस लौटता है ?

(A) उसके पास पैसे नहीं थे (B) सुरेश बाज़ार से खाली लौटना चाहता था

(C) उसके पास खोटा सिक्का था (D) सुरेश सौदा लाना नहीं चाहता था ।

उत्तर : ____________________

14. सुरेश ने अपने घरवालों को क्या ठीक-ठीक नहीं बताया ?

(A) परीक्षा परिणाम (B) अपनी करतूत

(C) अपनी इच्छा (D) अपने खेल ।

उत्तर : ____________________

15. स्काउट छात्र बिगड़े हुए घोड़े को कैसे रोक सकता है ?

(A) दौड़ लगाकर (B) बिना विशेष प्रयास के

(C) बड़ी मुश्किल से (D) ज़ोर से कूदकर ।

उत्तर : ____________________

16. 'महकिग' नाम का छोटा-सा कसबा किस देश में है ?

(A) भारत में (B) अफ्रिका में

(C) अमरीका में (D) श्रीलंका में ।

उत्तर : ____________________

17. माइक्रोप्रोसेसर अपने आप में एक लघु ...................... है ।

(A) रेडियो (B) कम्प्यूटर

(C) इंटरनेट (D) टेलीविज़न ।

उत्तर : ______________________________

18. कम्प्यूटर आजकल किस तरह अपनी भूमिका निभा रहे हैं ?

(A) सफल नाटककार की तरह (B) सफल गायक की तरह

(C) सफल कलाकार की तरह (D) सफ़ल खिलाड़ी की तरह ।

उत्तर : ______________________________

19. 'चित्रकूट' में बहुजीव क्या करते हैं ?

(A) विचरण (B) आचरण

(C) युद्ध (D) गायन-नृत्य ।

उत्तर : ______________________________

20. चित्रकूट में मोर गाते हैं

(A) उड़-उड़कर (B) नाच-नाचकर

(C) कूद-कूदकर (D) हँस-हँसकर ।

उत्तर : ______________________________

21. कवि सबसे पहले किस रूप में अपने को बनाने की कामना करता है ?

(A) पंछी के रूप में (B) कली के रूप में

(C) आदमी के रूप में (D) मछली के रूप में ।

उत्तर : ______________________________

22. आज की सामाजिक स्थिति में किसकी कमी ने कवि को निराश किया है ?

(A) पैसे की कमी (B) प्रेम की कमी

(C) शिक्षा की कमी (D) पारस्परिकता की कमी ।

उत्तर : ______________________________

23. कार के पीछे-पीछे दौड़नेवाले कौन हैं ?

(A) सूखे पत्ते
(B) सूखे पीले पत्ते
(C) निर्जीव सूखे पीले पत्ते
(D) निर्जीव सूखे पत्ते ।

उत्तर : ______________________________

24. आगे बढ़ने के लिए .......................... का मुँह नहीं ताकना चाहिए ।

(A) अपनों का
(B) दूसरों का
(C) अमीरों का
(D) वैज्ञानिकों का ।

उत्तर : ______________________________

25. बेलूर मंदिर के शिल्प में कवि के अनुसार कला उतरी है

(A) कला देश से
(B) स्वर्ग से
(C) अजंता-एलोरा से
(D) कलाकारों से ।

उत्तर : ______________________________

26. बेलूर नृपति की श्रद्धा और भक्ति किनके चरणों में समर्पित थी ?

(A) श्री चेन्नकेशव जी
(B) तिरुपति वेंकटेश्वर जी
(C) कालीमाता देवी
(D) श्री तिरुमलेश्वर जी ।

उत्तर : ______________________________

27. अकाल में उदास रहने वाला कौन है ?

(A) चूल्हा
(B) चक्की
(C) चूहा
(D) कुतिया ।

उत्तर : ______________________________

28. 'अकाल और उसके बाद' पद्य में कौवा खुजलाता है

(A) अपने आँखों को
(B) अपने पाँखों को
(C) अपने पैरों को
(D) अपनी चोंच को ।

उत्तर : ______________________________

29. तुलसीदास जी के अनुसार मीठे वचन बोलने से चारों ओर उपजता है

(A) सुख (B) दुःख

(C) ज्ञान (D) द्वेष ।

उत्तर : ____________________

30. महाकवि रहीम ने जीभ को कहा है

(A) बावरी (B) साँवरी

(C) श्यामली (D) भाँवरी ।

उत्तर : ____________________

31. 'सौभाग्यपूर्ण' शब्द का विरुद्धार्थक शब्द है

(A) भाग्यपूर्ण (B) असौभाग्यपूर्ण

(C) दुर्भाग्यपूर्ण (D) सौभाग्यरहित ।

उत्तर : ____________________

32. 'लिखना' शब्द का द्वितीय प्रेरणार्थक रूप है

(A) लिखना (B) लिखवाना

(C) लिखाना नहीं (D) लिखवाना नहीं ।

उत्तर : ____________________

33. 'इलाज' शब्द का समानार्थी शब्द है

(A) इलायची (B) चिकित्सा

(C) न इलाज (D) पालन-पोषण ।

उत्तर : ____________________

34. 'ठाकुर' शब्द का अन्य लिंग रूप है

(A) ठाकुरी (B) ठकुरानी

(C) ठकुराइन (D) ठकुराइनी ।

उत्तर : ____________________

35. 'किताब' शब्द का बहुवचन रूप ( अन्य वचन ) है

(A) किताब
(B) किताबें
(C) किताबों
(D) किताबियाँ ।

उत्तर : ______________________________

36. 'टस से मस न होना' मुहावरे का अर्थ है

(A) टस-मस होना
(B) टस से मस न करना
(C) अपनी बात पर डटे रहना
(D) अपनी बात डरकर बोलना ।

उत्तर : ______________________________

37. पेड़ ............................ बंदर बैठा है ।

(A) में
(B) पर
(C) से
(D) को ।

उत्तर : ______________________________

38. 'गणेशोत्सव' शब्द में निहित संधि है

(A) वृद्धि संधि
(B) यण् संधि
(C) गुण संधि
(D) विसर्ग संधि ।

उत्तर : ______________________________

39. 'उड़ना' शब्द का प्रथम प्रेरणार्थक रूप है

(A) उड़वाना
(B) उड़ाना
(C) उठवाना
(D) उड़ान भरना ।

उत्तर : ______________________________

40. ''विद्यार्थी को स्वयं एक <u>आदर्श</u> बनना चाहिए ।'' इस वाक्य में रेखांकित शब्द व्याकरण की दृष्टि से है

(A) संज्ञा
(B) विशेषण
(C) सर्वनाम
(D) क्रिया ।

उत्तर : ______________________________

## विभाग - B

निम्न प्रश्नों के प्रत्येक उत्तर **दो-तीन** वाक्यों में लिखिए : 13 × 2 = 26

41. अब्दुल कलाम जी अपने भाइयों की दूकान पर क्या-क्या बेचा करते थे ?

42. आज प्रकृति का संतुलन ही क्यों डगमगा रहा है ?

43. सावित्री बचपन में अपने भाई-बहन माता-पिता के साथ कैसा व्यवहार करती थी ?

44. विक्रम साराभाई के परिवार का परिचय दीजिए ।

45. डॉ० विक्रम साराभाई ने किन-किन संस्थाओं की स्थापना की ?

46. जूही ने किस तरह अपनी स्वामीनिष्ठा व्यक्त की ?

47. सुरेश अपने घरवालों से क्यों झूठ बोलता था ?

48. कम्प्यूटर टेक्नोलाजी के लिए बुनियादी चीज़ें कौन-कौन-सी हैं ?

49. कवि धरती से दूर किसी अन्य ग्रह पर क्यों जन्म लेना चाहता है ?

50. ''प्रगति पिछलग्गूपन नहीं है ।'' इसका भाव स्पष्ट कीजिए ।

51. 'बेलूर मंदिर का शिल्प' कविता में कवि ने किन-किनका नमन किया है ?

52. बेलूर के मर्मज्ञ शिल्पियों ने क्या सजाया और क्या बनाया है ?

53. महाकवि वृंद विद्या और धन के बारे में क्या उपदेश देते हैं ? उदाहरण के साथ लिखिए ।

निम्नलिखित वाक्यों को कन्नड़ **अथवा** अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए : $2 \times 2 = 4$

54. पाँच बजे मुहर्रम का जुलूस निकलने वाला था, पल भर में चौराहे पर सैकड़ों लोगों की भीड़ इकट्ठी हुई ।

55. ''जी, मेरा बच्चा मर गया था ।'' लड़खड़ाती आवाज़ में हेतू ने कहा ।

निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : $2 \times 2 = 4$

भारत की स्वाधीनता संग्राम का इतिहास बहुत लंबा है । भारतीय नारी ने पुरुषों के बराबर इस लड़ाई में अपना योगदान दिया है । सारे भारत में अंग्रेजों के विरुद्ध लड़कर वीरगति को प्राप्त करनेवाली प्रथम वीर महिला कित्तूर की रानी चेन्नम्मा जी हैं । उनके बाद आनेवाला नाम झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई का है । लेकिन भारतीय इतिहास में रानी चेन्नम्मा को उनके बलिदान के बराबर स्थान नहीं मिला है । यह हमारे लिए दु:ख की बात है ।

56. अंग्रेजों के विरुद्ध लड़कर वीरगति को प्राप्त करनेवाली प्रथम महिला कौन है ?

57. हमारे लिए दु:ख की बात क्या है ?

निम्न प्रश्नों के लिए उत्तर **चार-पाँच** वाक्यों में लिखिए : $4 \times 4 = 16$

58. हेतू ने अपने बच्चों की मृत्यु का समाचार क्यों छिपा रखा था ? उसके संस्कारों पर प्रकाश डालिए ।

59. स्काउट शिक्षा के नियम और सिद्धांत से कौन-से गुण और काम सीख सकते हैं ?

60. पद्य भाग को पूर्ण कीजिए :

"नहलाती ..........................................................

................................................................... सृष्टि

करता ...................................................................

..................................................................

......................................................... उच्च उदार ।"

61. 'अकाल और उसके बाद' कविता में अकाल के पहले की और बाद की स्थिति का चित्र कवि ने किस तरह खींचा है ?

62. अपने आपको महारानी हाई स्कूल, दावणगेरे की दसवीं कक्षा के राजेश / रेशमा समझकर कारण बताते हुए प्रधानाध्यापक के नाम दो दिनों की छुट्टी माँगकर एक छुट्टी पत्र लिखिए । 5

**अथवा**

अपनी पढ़ाई के बारे में बताते हुए अपने पिताजी के नाम एक पत्र लिखिए ।

63. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर **दस-बारह** वाक्यों में निबंध लिखिए : $1 \times 5 = 5$

अ) पर्यावरण और हमारा स्वास्थ्य

आ) कम्प्यूटर की उपयोगिता

इ) हमारे राष्ट्रीय त्योहार ।